# Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of October, 2022.

A "Chintan Shivir" was organized by MHA from 27-28 October 2022 with the Home Ministers of the States/UTs along with the Home Secretaries and DsG, Police of the States/ UTs. The Chintan Shivir was presided over by the Union Home Minister. The Hon'ble Prime Minister also addressed the Chintan Shivir on 28th October, 2022. The Chintan Shivir, deliberated on selected topics of mutual concern to both the Centre and the States.

2. On 21st October, 2022, the National Crisis Management Committee (NCMC) met under the Chairmanship of Cabinet Secretary to review the preparedness of Central Ministries/Agencies and State /UT Governments for the impending cyclonic storm 'SITRANG" over the Bay of Bengal.

3. Union Home Secretary held a virtual meeting on 25th October, 2022 with Chief Secretaries and DsGP of all States / UTs pertaining to the conduct of G20 events to be held in India.

4. A meeting under Additional Secretary (DM) was held on 7th October, 2022 to review the progress of infrastructure development of NDRF Academy, Nagpur.

5. During the month, the following bills have been assented to by the Hon'ble President of India:

(i) The Code of Criminal Procedure (Gujarat Amendment) Bill, 2021

(ii) The Indian Partnership (Gujarat Amendment) Bill, 2021

(iii) The Factories (Odisha Amendment) Bill, 2020

6. A meeting was taken by Joint Secretary (CS) on 17th October, 2022 with the representatives of Office of Accountant Generals and State Government Officers to discuss the apportionment of pension liabilities between Bihar and Jharkhand.

7. NOCs were issued for change in the name of Nagar Panchayat "Mundera Baazar" as "Chauri-Chaura' in Gorakhpur District and village" Telia Afghan" as 'Telia Shukla" in Deoria District, Uttar Pradesh.

8. A review meeting was held on 07th October, 2022 under AS(LWE) with Senior Officers from Home / Police Department & Nodal Officers of LWE State (Bihar, MP & UP) regarding progress of works under Special Infrastructure Scheme (SIS) and for consideration of modification proposals under SIS scheme of Bihar, Madhya Pradesh and Uttar Pradesh.

9. A Review Meeting was held on 18th October, 2022 with Senior Officers & Nodal officers from most LWE affected districts and District of Concern (DoC) regarding updation of data on MIS portal under Special Central Assistance (SCA) Scheme for most LWE affected districts and District of Concern (DoC).

10. A total of Rs. 26.84 crore was released to Jharkhand State under Security Related Expenditure (SRE) Scheme. Further, a total of Rs. 3.28 crore was released to CRPF under Assistance to Central Agencies for LWE Management (ACALWEM) Scheme.

11. On 17th October, 2022, a Meeting under Additional Secretary (NE), MHA was held at New Delhi with the Monitoring Committee to monitor and redress issues relating to racial discrimination faced by NE people.

12. During the month, meetings of Joint Monitoring Committee were held under Additional Secretary (NE), MHA at New Delhi to review the progress of implementation of the Bodo Accord, Karbi Accord, NLFT (SD) Agreement and the Bru Agreement.

13. The Central Government vide Notification No. S.O 4670 (E) to 4679 (E) dated 04th October, 2022 has declared 10 terrorists under the Unlawful Activities (Prevention) Act 1967 (as amended in 2019) and their names were added to the Fourth Schedule of the said Act.

14. On 06th October,2022 sanction for prosecution was accorded against 22 accused persons in accordance with section 196 of CrPC and section 45(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

15. Total 57 Coys of CAPFs (RAF-38, CRPF-03, BSF-03, SSB-07, ITBP-04, & CISF-02) were deployed in Puducherry, Telangana, Jharkhand, Uttar Pradesh, Bihar, Delhi, Haryana & Tamil Nadu for law and order duties for a specific deployment period.

16. Total 303 Coys of CAPFs (CRPF-85, BSF-61, SSB-56, ITBP-43, CISF-38 & RPF-20) were deployed in Telangana, Himachal Pradesh, Maharashtra, Bihar, Haryana, Odisha, Uttar Pradesh & Gujarat) for Bye Election/Assembly Election-2022.

17. Sanction of Rs. 10.84 crore was conveyed for acquisition of 140 Kanal 19 Marla land (17.52 acres) at 02 locations of District Pulwama (J&K) for establishment of Battalion camping Sites of CRPF. Further, sanction of Rs. 4.65 crore was conveyed for acquisition of 2.876 acres land for Group Centre CRPF, Bijnor, Lucknow.

18. Revised Items & Norms of Assistance from the State Disaster Response Fund (SDRF)/National Disaster Response Fund (NDRF) for the period of 2022-26 were issued by MHA on 10th October, 2022.

19. An amount of Rs.17.20 crore as Central Share of SDRF was released in advance by Central Government to State Government of Nagaland on 20th October,2022. Further,an amount 487.40 Cr. (Rs. 2.40 Cr. to Goa, Rs. 99.00 Cr. to Punjab & Rs. 386 Cr. to UP) as Central share of State Disaster Mitigation Fund (SDMF) was released by Central Government on 06th October, 2022.

20. During the month, the total value of all sanctions accorded to CAPFs for procurement of equipments, vehicles etc is Rs.116.03 crore.

21. '112' Emergency Response Support System (ERSS) have been integrated with '139' Rail Madad in all States and UTs.

****

**गृह मंत्रालय की अक्टूबर, 2022 की प्रमुख उपलब्धियां, उल्लेखनीय घटनाक्रम और महत्वपूर्ण कार्यक्रम।**

गृह मंत्रालय ने दिनांक 27-28 अक्टूबर, 2022 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के गृह सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ-साथ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के गृह मंत्रियों के साथ एक चिंतन शिवर का आयोजन किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने चिंतन शिविर की अध्यक्षता की। माननीय प्रधानमंत्री ने भी 28 अक्टूबर, 2022 को चिंतन शिविर को संबोधित किया। चिंतन शिविर में केंद्र और राज्यों दोनों के परस्पर सरोकार के चुनिंदा विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

2. दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 को बंगाल की खाड़ी में शीघ्र आने वाले चक्रवाती तूफान 'सितरंग' से निपटने के लिए केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की तैयारी की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) की बैठक कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई।

3. केंद्रीय गृह सचिव ने भारत में आयोजित होने वाले जी20 इवेंट्स के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशको के साथ 25 अक्टूबर, 2022 को एक वर्चुअल बैठक की।

4. एनडीआरएफ अकादमी, नागपुर के अवसंरचना विकास की प्रगति की समीक्षा करने के लिए अपर सचिव (डीएम) ने 7 अक्टूबर, 2022 को एक बैठक की।

5. माह के दौरान, भारत के माननीय राष्ट्रपति ने निम्नलिखित विधेयकों को मंजूरी दी:

(i) दंड प्रक्रिया संहिता (गुजरात संशोधन) विधेयक, 2021

(ii) भारतीय भागीदारी (गुजरात संशोधन) विधेयक, 2021

(iii) कारखाना (ओडिशा संशोधन) विधेयक, 2020

6. बिहार और झारखंड के बीच पेंशन दायित्वों के बटवारे पर चर्चा करने के लिए महालेखाकार कार्यालय के प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ संयुक्त सचिव (सीएस) ने 17 अक्टूबर, 2022 को एक बैठक ली।

7. उत्तरप्रदेश में गोरखपुर जिले में नगर पंचायत "मुंडेरा बाजार" को "चौरी-चौरा' और देवरिया जिला में गांव "तेलिया अफगान" को 'तेलिया शुक्ला" के रूप में नाम बदलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए गए।

8. विशेष अवसंरचना योजना (एसआईएस) के तहत कार्यों की प्रगति के संबंध में और बिहार, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की एसआईएस योजना के तहत संशोधित प्रस्तावों पर विचार करने के लिए गृह मंत्रालय/पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और एलडब्ल्यूई राज्यों (बिहार, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश) के नोडल अधिकारियों के साथ अपर सचिव (एलडब्ल्यूई) ने 07 अक्टूबर 2022 को एक समीक्षा बैठक आयोजित की।

9. सर्वाधिक एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों एवं डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न (डीओसी) की विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) के तहत एमआईएस पोर्टल पर डाटा को अपडेट करने के संबंध में सर्वाधिक एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों और चिंताजनक जिलों के वरिष्ठ अधिकारयों एवं नोडल अधिकारियों के साथ 18 अक्टूबर, 2022 को समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

10. सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत झारखंड राज्य के लिए कुल 26.84 करोड़ रु. दिए गए। इसके अलावा, एलडब्ल्यूई प्रबंधन स्कीम के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता (एसीएएलडब्ल्यूईएम) के तहत कुल 3.28 करोड़ रु. सीआरपीएफ को दिए गए।

11. अपर सचिव (पूर्वोत्तर), गृह मंत्रालय ने पूर्वोत्तर के लोगों द्वारा सामना की जा रही नस्ल-भेद संबंधी समस्याओं की निगरानी करने और उसका समाधान करने हेतु गठित निगरानी समिति के साथ नई दिल्ली में 17 अक्टूबर, 2022 को एक बैठक ली।

12. माह के दौरान, संयुक्त निगरानी समिति की बैठकें बोडो समझौता, कर्बी समझौता, एनएलएफटी (एसडी) करार और ब्रू करार के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने हेतु अपर सचिव (पूर्वोत्तर), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित की गईं।

13. केंद्र सरकार ने 04 अक्टूबर, 2022 की अपनी अधिसूचना सं. एस.ओ 4670 (ई) से 4679 (ई) के द्वारा विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 (यथा संशोधित 2019) के तहत 10 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है और उनके नाम उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में जोड़ दिए गए।

14. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 और विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 45(1) के अनुसार 22 अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी 06 अक्टूबर, 2022 को प्रदान कर दी गईं।

15. सीएपीएफ की कुल 57 कंपनियां (आरएएफ-38, सीआरपीएफ-03, बीएसएफ-03, एसएसबी-07, आईटीबीपी-04, और सीआईएसएफ-02) विशिष्ट तैनाती अवधि के लिए कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी हेतु पुदुचेरी, तेलंगाना, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, दिल्ली, हरियाणा और तमिलनाडु में तैनाती की गईं।

16. उपचुनाव/विधानसभा चुनाव-2022 के लिए तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश एवं गुजरात में सीएपीएफ की कुल 303 कंपनियां (सीआरपीएफ -85, बीएसएफ -61, एसएसबी-56, आईटीबीपी -43, सीआईएसएफ-38 एवं आरपीएफ-20) तैनात की गई थीं।

17. सीआरपीएफ के बटालियन कैंम्पिंग स्थलों की स्थापना हेतु जिला पुलवामा (जम्मू एवं कश्मीर) के 02 स्थानों पर 140 कैनाल 19 मार्ला भूमि (17.52 एकड़) अधिग्रहण के लिए 10.84 करोड़ रु. की मंजूरी की सूचना दे दी गई। इसके अलावा, ग्रुप सेंटर, सीआरपीएफ, बिजनौर, लखनऊ के लिए 2.876 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने हेतु 4.65 करोड़ रु. की मंजूरी की सूचना दे दी गई।

18. गृह मंत्रालय ने 2022-26 की अवधि के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ)/राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से सहायता की पुनरीक्षित मदें और मानदंड 10 अक्टूबर, 2022 को जारी किए।

19. केंद्रीय सरकार ने नागालैंड सरकार को 20 अक्टूबर, 2022 को एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से के रूप में 17.20 करोड़ रु. की राशि अग्रिम रूप से दी। इसके अलावा, केंद्रीय सरकार ने 487.40 करोड़ रु. की राशि (गोवा को 2.40 करोड़ रु., पंजाब को 99.00 करोड़ रु. और उत्तरप्रदेश को 386 करोड़ रु. ) राज्य आपदा प्रशमन निधि (एसडीएमएफ) के केंद्रीय हिस्से के रूप में 6 अक्टूबर, 2022 को दी।

20. माह के दौरान, उपकरणों, वाहनों आदि की खरीद के लिए सीएपीएफ के लिए मंजूर की गई कुल धनराशि 116.03 करोड़ रु. है।

21. सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में '112' आपातकालीन कार्रवाई सहायता तंत्र (ईआरएसएस) को '139' रेल मदद से जोड़ा गया है।

****